कार्यालय जनपद न्यायाधीश, श्रावस्ती

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से प्राप्त परिपत्र संख्या 14 / Admin 'D' Section / Allahabad Dated 15.10.2022 के अनुक्रम में न्यायिक अधिष्ठान, श्रावस्ती से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिसकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, निम्न रिक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति की जानी है। यह पुनर्नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी तथा एक वर्ष की अवधि के लिये की जायेगी बशर्ते कि यदि पूर्व में ही समाप्त न कर दी जाये अथवा प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती न हो जाये अथवा 65 वर्ष आयु पूर्ण न कर ली जाये (जो भी पहले हो)।

उक्त पदों का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अन्तिम आहरित वेतन जिसमें से पेंशन की राशि काटकर मानदेय के रुप में देय होगा। अन्य भत्ते उत्तर प्रदेश शासन के यथासंशोधित आदेशों के अधीन प्रदान किये जायेंगे।

इच्छुक आवेदक आवेदन पत्र प्रशासनिक कार्यालय अथवा जनपद न्यायालय श्रावस्ती की आधिकारिक वेबसाइट (**https://districts.ecourts.gov.in/shravasti**) से विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से दिनांक 26.11.2022 तक प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे के मध्य प्राप्त कर सकते हैं। आवेदक नियुक्ति की सहमति, तथा पेंशन आदेश की छायाप्रति के साथ अपना प्रार्थना-पत्र दिनांक 28.11.2022 की सायं 4 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायालय श्रावस्ती में प्रस्तुत कर सकते हैं।

कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, श्रावस्ती व माननीय उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाईट पर भी अपलोड करायें। विज्ञप्ति की एक प्रति जिला सूचना अधिकारी को इस आशय के साथ प्रेषित की जावे कि विज्ञप्ति का प्रकाशन जनपद, श्रावस्ती में प्रसारित होने वाले समस्त दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। केन्द्रीय परिसेवी को निर्देशित किया जाता है कि विज्ञप्ति के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु कार्यालय के सूचना पट एवं जनपद के सार्वजनिक स्थलों पर विज्ञप्ति की प्रति चस्पा करवाना सुनिश्चित करें।

दिनांकः- 21.11.2022

(गौरव कुमार श्रीवास्तव)
जनपद न्यायाधीश
श्रावस्ती।

रिक्त पदों का विवरणः-

तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पदों की संख्या			
क्रमांक	पद नाम	रिक्त पदों की संख्या	वेतनमान
1	वरिष्ठ सहायक	15	वेतनमान 5200-20200 ग्रेड पे 2800
2	कनिष्ठ सहायक	10	वेतनमान 5200-20200 ग्रेड पे 2000
3	स्टेनोग्राफर ग्रेड-1	2	वेतनमान 9300-34800 ग्रेड पे 4600
	स्टेनोग्राफर ग्रेड-2	2	वेतनमान 9300-34800 ग्रेड पे 4200
	स्टेनोग्राफर ग्रेड-3	2	वेतनमान 5200-20200 ग्रेड पे 2800
4.	आदेशिका वाहक	3	वेतनमान 5200-20200 ग्रेड पे 1800
5.	अर्दली / प्यून /ऑफिस प्यून / फर्राश	5	वेतनमान 5200-20200 ग्रेड पे 1800

आवेदन पत्र का प्रारुप

नवीन स्वा प्रमाणित
फोटोग्राफ

1. आवेदित पद का नामः– ....

2. आवेदक का नामः– ....

3. जन्म तिथिः– ....

4. दिनांक 01.11.2022 को आयुः– ....

5. सेवानिवृत्त की तिथिः– ....

6. पद का विवरण जिससे
   सेवानिवृत्त हुये हैंः– ....

7.सेवानिवृत्त के समय वेतनमानः– ....

8.आहरित पेंशन का विवरणः– ....
(पी०पी०ओ० की छायाप्रति संलग्न करें)

विभागीय जाँच अथवा आपराधिक प्रकरण यदि कोई लम्बित हो / संस्थित अथवा सेवानिवृत्त कि तिथि से एक वर्ष पूर्व से आवेदन की तिथि तक

9. दण्डित किये गये हों तो उसका विवरण ....

10. अन्य विवरण यदि कोई हो– ....

मैं सशपथ कथन करता हूँ कि उपरोक्त कथन मेरी जानकारी में सत्य व सही है मेरा कोई भी वाद व्यवहार / दाण्डिक वाद जनपद न्यायालय, श्रावस्ती में लम्बित नही है। मैं किसी भी प्रकार से सेवा में पुनर्नियोजित होने से अयोग्य नही हूँ। यदि मेरे द्वारा किया गया कथन / सूचना किसी भी स्तर पर असत्य अथवा गलत पायी जाती है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाये मुझे कोई आपत्ति नही होगी।

दिनांकः–

आवेदक का हस्ताक्षर